>

Title: Need to issue work order to the Cimmco Birla Limited, a railway wagon manufacturing factory in Bharatpur Parliamentary Constituency with a view to address the issue of unemployment in the area.

श्री रतन सिंह (भरतपुर): महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मेरे लोक सभा क्षेत्र भरतपुर में सभी छोटे-बड़े उद्योग प्राय बंद हो चुके हैं, जिससे वहां पर अत्यधिक बेरोजगारी फैली हुई है। जिला भरतपुर, राजस्थान में सिमको बिड़ला रेलवे वैगंस बनाने की एक बहुत बड़ी फैक्टरी थी, जो अब भी विद्यमान है। उस फैक्टरी की 500 वैगंस बनाने की क्षमता प्रतिमाह थी। उस फैक्टरी से वहां पर प्रत्यक्ष रूप से 5,000 मजदूर कार्यरत थे और अप्रत्यक्ष रूप से 50,000 लोगों को रोजगार मिला हुआ था। फैक्टरी में आरडीएस और रेलवे के मानदंडों के अनुसार वैगंस का निर्माण किया जाता था। वे वैगंस रेलवे को सप्लाई किए जाते थे।

उपाध्यक्ष महोदय: कृपया संक्षेप में अपनी बात कहें ताकि और सदस्यों को भी मौका मिल सके।

श्री रतन सिंह : पिछले आठ वर्षों से वह फैक्टरी बंद है, जिससे उस एरिया में बेरोजगारी की समस्या बनी हुई है। फैक्टरी को पुनः चालू करने के लिए उसका अपग्रेडेशन कर दिया गया है और रेलवे बोर्ड के पास वैगंस के निर्माण के आदेश विचाराधीन हैं। वैगंस के आदेशों के बाद फैक्टरी पुनः चालू हो सकेगी। सिमको बिड़ला लिमिटेड, जिसने रेलवे बोर्ड के समक्ष निविदाएं प्रस्तुत की हैं, बताया गया है कि रेलवे बोर्ड की निविदाओं के मानदंडों के अनुसार वह न्यूनतम निविदाकर्ता है।

उपाध्यक्ष जी, आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदया से मैं निवेदन करूंगा कि सिमको बिड़ला फैक्टरी को वैगंस निर्माण का आदेश जारी करने की कृपा करें, जिससे भरतपुर जिले के निवासियों को, युवाओं को, व्यवसाइयों को और मजदूरों को रोजगार मिल सके और बेरोजगारी की समस्या का निदान हो। मैं आपसे अपेक्षा करता हूं कि आप इस फैक्टरी को शीघ्र चालू कराने के लिए माननीय रेल मंत्री महोदया को निर्देशित करेंगे।